

मैं वास्तव में नमन धीर की प्रशंसा करता हूं। मुझे लगता है कि वो शानदार टैलेंट हैं। घरेलू क्रिकेट में उसके प्रदर्शन से ज्यादा, उसे गेंदबाजी करने की क्षमता के कारण चुना गया है। – इरफान पठान

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, नमन धीर की बल्लेबाजी व गेंदबाजी की प्रशंसा करते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ वसीम अकरम



**पाकिस्तान** के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने टेस्ट कप्तान बाबर आजम पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा– अगर आपको पीसीबी के फैसलों के बारे में नहीं पता था, तो क्या आप इंग्लैंड चने बेचने आए थे। रविवार को एक चैरिटी कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। एक खिलाड़ी या व्यक्ति के तौर पर मेरा मानना है कि अगर आपका लीडर या कप्तान आपके साथ खड़ा नहीं होता, तो आप 100 फीसदी प्रदर्शन नहीं कर सकते।'' उन्होंने कहा–अगर आपको पीसीबी के फैसलों के बारे में नहीं पता था, तो क्या आप इंग्लैंड चने बेचने आए थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** पीटी उषा ने 1986 के एशियाई खेल में ट्रैक पर शानदार प्रदर्शन किया। उस साल भारत के द्वारा जीते गए पांच में से चार स्वर्ण पदक जीते पीटी उषा ने जीते थे।

# एशियन गेम्स : भारतीय महिला क्रिकेट टीम फाइनल में, एक और पदक पक्का

निशिन (जापान), 20 सितंबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम आइची–नागोया एशियन गेम्स–2026 के फाइनल में पहुंच गई है। भारतीय टीम ने रविवार को सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत का एक और पदक पक्का हो गया है। अब 22 सितंबर को भारतीय महिला टीम का फाइनल मुकाबला श्रीलंका से होगा।बांग्लादेश की टीम 22 को ही पाकिस्तान के खिलाफ कांस्य पदक के लिए भिड़ेगी। श्रीलंका ने आज सुबह पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया था। भारतीय महिला टीम ने 2023 में हांगझोउ एशियाई खेलों में भी स्वर्ण जीता था। इस बार भी टीम स्वर्ण पदक जीतना चाहेगी।

सेमीफाइनल मुकाबले की बात करें, तो भारतीय महिला टीम ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के शतक की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम 15.4 ओवर में महज 81 रन पर सिमट गई और 114 रन से हार गई।

196 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम का चार रन के स्कोर पर पहला विकेट गिरा। सलामी बल्लेबाज जुवैरिया फिरदौस खाता नहीं खोल सकीं। तीसरे ओवर में शोभना मिस्त्री चार रन बनाकर आउट हुईं। बांग्लादेश को 38 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। निगार सुल्ताना नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गईं।

बांग्लादेश की एक के बाद एक बल्लेबाज आउट होती गईं। शोरना अख्तर 5 रन, दिलारा 27 रन, नाहिदा 4 रन, शर्मिन 10 रन, मारूफा 5 रन और सुल्ताना खातून ने नाबाद 12 रन बनाए। संजीदा और राबिया खान खाता भी नहीं खोल सकीं।

भारत की ओर से नंदनी शर्मा और दीप्ति शर्मा ने 3–3 विकेट लिए, जबकि श्री चारणी ने 2 विकेट, क्रांति गौड़ और श्रेयंका पाटिल ने एक–एक विकेट चटकाया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 49 गेंद में नाबाद 100 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 9 छक्के लगाए। शेफाली के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 गेंद में छह चौकों की मदद से 40 रन बनाए, जबकि स्मृति मंधाना ने 19 गेंदों में 5 चौके और दो छक्कों की मदद से 37 रन की पारी खेली।



## एशियाई खेलों में शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी शेफाली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने एशियाई खेल–2026 में शतक लगाकर इतिहास रच दिया। वह पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं, जिन्होंने एशियाई खेलों में शतक लगाया है। उन्होंने यह उपलब्धि रविवार को कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल के दौरान हासिल की। मुकाबले में दाएं हाथ की इस युवा सलामी बल्लेबाज ने 49 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए। उनकी इस विस्फोटक पारी में तीन चौके और नौ छक्के शामिल थे। उनकी पारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश महिला टीम को 114 रनों के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 4788 रन, मंधाना बनी दुनिया की नं. 1 बल्लेबाज



भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ एशियाई खेलों के सेमीफाइनल के दौरान न्यूजीलैंड की दिग्गज सूजी बेट्स को पछाड़कर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। तीस वर्षीय बाएं हाथ की बल्लेबाज स्मृति को रिकॉर्ड अपने नाम करने के लिए सात रन की जरूरत थी। उन्होंने तीसरे ओवर में बांग्लादेश की तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर की आखिरी दो गेंद पर लगातार चौके जड़कर यह उपलब्धि हासिल की। स्मृति ने 19 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों से 37 रन बनाए। वह पावरप्ले की आखिरी गेंद पर आउट हुईं।

## शुभमन और बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी दो वनडे में मिल सकता है आराम





नई दिल्ली, 20 सितम्बर। भारतीय क्रिकेट टीम के न्यूजीलैंड दौरे से पहले ही खिलाड़ियों के लगातार मैच खेलने को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। करीब दो महीने तक चलने वाले इस लंबे दौरे में भारत को पांच टी20 मुकाबले, पांच एकदिवसीय मैच और दो टेस्ट खेलने हैं। सबसे बड़ी चिंता एकदिवसीय और टेस्ट सीरीज के बीच मिलने वाले बेहद कम समय को लेकर है। पांचवां और आखिरी एकदिवसीय मुकाबला 15 नवंबर को होना है, जबकि पहला टेस्ट सिर्फ चार दिन बाद 19 नवंबर से शुरू होगा। मौजूद जानकारी के अनुसार, इस व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए भारतीय टीम प्रबंधन पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज के आखिरी दो मुकाबलों में कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दे सकता है। दैनिक जागरण की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, नितीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज को माउंट माउंगानुई में होने वाले आखिरी दो एकदिवसीय मुकाबलों से बाहर रखा जा सकता है। इन खिलाड़ियों के एकदिवसीय और टेस्ट दोनों टीमों का हिस्सा होने की संभावना है। ऐसे में टीम प्रबंधन के सामने खिलाड़ियों के कार्यभार को सही तरीके से संभालने की चुनौती होगी। खासकर तेज गेंदबाजों के लिए लगातार मुकाबलों के बीच पर्याप्त आराम और टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयारी का समय अहम माना जाता है। जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाजों को टेस्ट सीरीज से पहले तरोताजा रखना टीम की प्राथमिकताओं में शामिल हो सकता है।

## एशियन गेम्स : महिलाओं की निशानेबाजी में इलावेनिल ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता रजत



नागोया (जापान), 20 सितंबर। भारतीय निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन ने रविवार को एशियन गेम्स–2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल में इलावेनिल ने 252.4 अंक हासिल किए और लंबे समय तक स्वर्ण पदक की दौड़ में सबसे आगे बनी रहीं। हालांकि, अंतिम चरण में मेजबान जापान की हिनाता ताइची ने वापसी करते हुए 253 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। हिनाता ताइची ने 253 अंकों के साथ नया गेम्स रिकॉर्ड भी कायम किया। इलावेनिल और हिनाता के बीच स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और दोनों के स्कोर में सिर्फ 0.6 अंक का अंतर रहा। दक्षिण कोरिया की ह्यो–जिन बान ने 230.4 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता।

## एशियाई खेल : सुचिका तारियाल ने पदक पक्का किया, एमएमए के सेमीफाइनल में पहुंची



आइची–नागोया, 20 सितंबर। भारत की सुचिका तारियाल ने रविवार को 2026 एशियाई खेलों में महिला पारंपरिक 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर अपना पदक पक्का कर लिया। उन्होंने मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए) में क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मंगोलिया की अल्तानचिमेग बैगलमा को 2–0 से हराया। 36 वर्षीय सुचिका की इस जीत के साथ कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित हो गया है। अब वह फाइनल में जगह बनाने के लिए सिंगापुर की हुई हून तेओ या ईरान की अरेज़ू सलीमिगालेहताकी में से किसी एक का सामना करेंगी। मिश्रित मार्शल आर्ट्स इस बार एशियाई खेलों में पदार्पण करने वाली छह खेल विधाओं में शामिल है। इसके अलावा फ्रीस्टाइल बीएमएक्स, टैकबॉल, पैडल, सर्फिंग और वर्चुअल ताइक्वांडो भी पहली बार एशियाई खेलों का हिस्सा हैं।

## एशियाई खेलों से बाहर हुए एमएमए फाइटर वरुण सान्याल, वजन घटाते समय बिगड़ी तबीयत



नई दिल्ली, 20 सितम्बर। भारतीय मिक्स मार्शल आर्ट खिलाड़ी वरुण सान्याल एशियाई खेलों में 77 किलोग्राम वर्ग की प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। वजन कम करने की प्रक्रिया के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद चिकित्सकीय जांच में उन्हें प्रतियोगिता के लिए फिट नहीं पाया गया। वरुण को सॉना में वजन कम करने के दौरान चक्कर आया और वह कुछ समय के लिए बेहोश हो गए थे। मौजूद जानकारी के अनुसार, वजन कम करने के लिए वरुण भोजन और पानी की मात्रा सीमित कर रहे थे। इसके बाद करीब 30 मिनट तक सॉना में रहने के दौरान उन्हें चक्कर, कमजोरी और मांसपेशियों में ऐंठन की शिकायत हुई। हालत बिगड़ने पर साथी खिलाड़ी और भारतीय मिक्स मार्शल आर्ट संघ के अध्यक्ष निखिल कुंदर ने उनकी मदद की। इसके बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां जांच के बाद उन्हें प्रतियोगिता के लिए चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने भी वरुण की स्थिति को लेकर जानकारी दी है। संघ के मुताबिक, वरुण को सॉना में रहने के दौरान पूरे शरीर में ऐंठन और दर्द हुआ था। उनका चिकित्सकीय परीक्षण किया गया और एहतियात के तौर पर खून की जांच भी कराई गई, जिसमें किसी गंभीर समस्या की बात सामने नहीं आई। हालांकि आराम करने के बाद भी अगली सुबह वरुण खुद को मुकाबले जैसे कठिन खेल के लिए पूरी तरह तैयार महसूस नहीं कर रहे थे। इसके बाद कोच से सलाह लेने के बाद उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया।

## एशियाड-2026 के लिये भारतीय रोइंग टीम में अमेठी से चुने गए सलमान खान

अमेठी, 20 सितंबर। उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद के खेल जगत के लिए गौरव का क्षण है। अमेठी के प्रतिभावान खिलाड़ी सलमान खान का एशियाड–2026 के लिए भारतीय रोइंग टीम में चयन हुआ है। उनके चयन की खबर मिलते ही खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और जिले के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। सलमान खान के चयन को अमेठी की खेल प्रतिभाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सलमान खान ने अपनी मेहनत, लगन और लगातार अभ्यास के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। भारतीय रोइंग टीम में स्थान हासिल करना उनके खेल करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल हो गया है।

## 70वीं जिला स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, ऑल सेंट्स चर्च स्कूल बना विजेता

जयपुर, 20 सितंबर। ऑल सेंट्स चर्च सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जयपुर में 14 वर्ष बालिका वर्ग की 70वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले की 19 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सचिव इंद्रजीत खन्ना एवं चेयरमैन संदीप हीस्कील द्वारा किया गया। इस अवसर पर सचिव अमित रिचर्ड्स नाग एवं कोषाध्यक्ष अजय जेम्स भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं मेहनत के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में ऑल सेंट्स चर्च सीनियर सेकेंडरी स्कूल का मुकाबला जी.एस.एस. स्कूल रामरतनपुरा, बस्सी से हुआ, जिसमें ऑल सेंट्स चर्च स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की।

## एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 13-1 से हराया



काकामिगाहारा (जापान), 20 सितंबर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन गेम्स–2026 में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया है। भारतीय टीम ने रविवार को पूल ए के मुकाबले में इंडोनेशिया को 13–1 से करारी शिकस्त दी। गिफू प्रिफेक्चरल ग्रीन स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। मुकाबले में भारत की ओर से आठ अलग–अलग खिलाड़ियों ने गोल किए। दिलप्रीत सिंह सबसे बड़े स्टार रहे। उन्होंने अकेले चार गोल दागे। मुकाबले में भारतीय टीम को छठे मिनट में शिलानंद लकरा ने गोल कर 1–0 से बढ़त दिलाई। इसके बाद 12वें मिनट में अभिषेक ने भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। इंडोनेशियाई गोलकीपर ने शुरुआती दौर में भारत के कुछ प्रयासों को रोका, लेकिन भारत ने अपना दबाव कायम रखा। पहले क्वार्टर के अंत तक भारत 2–0 से आगे था।

दूसरे क्वार्टर में दिलप्रीत सिंह ने दो मिनट के भीतर दो गोल (18वें और 19वें मिनट में) करके बढ़त को 4–0 कर दिया। फिर 19वें मिनट में राजिंदर सिंह ने बेहतरीन फिनिशिंग के साथ गोल दागा और 21वें मिनट में मनदीप सिंह ने भी अपना पहला गोल किया। हरमनप्रीत सिंह ने 28वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से एक और गोल दागा। भारत ने हाफ टाइम तक 7–0 की मजबूत बढ़त बना ली। इंडोनेशिया ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में अपना पहला गोल दागा। औलिया अल अर्द्ध ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर स्कोर 7–1 कर दिया। भारत ने तुरंत जवाब दिया और 35वें मिनट में शिलाानंद लकरा ने अपना दूसरा गोल दागा। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने अपनी हैट्रिक (37वें मिनट में) पूरी की। सुखजीत सिंह ने 38वें मिनट में गोल दागकर तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारतीय टीम की बढ़त को 10–1 तक पहुंचा दिया।

अंतिम क्वार्टर में भी भारत ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा। जुगराज सिंह ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के दूसरे प्रयास को गोल में तब्दील कर दिया, जबकि उनका पहला प्रयास डिफेंडर द्वारा रोक दिया गया था। सुखजीत सिंह ने 48वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। इसके बाद 49वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने मैच का अपना चौथा गोल किया और भारत की बढ़त 13–1 कर दी। अंत में बचे हुए समय में इंडोनेशिया ने सर्कल में गेंद पर कब्जा बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उन्हें ज्यादा मौके नहीं दिए। इंडोनेशिया के खिलाफ शानदार जीत के साथ भारत ने पूल ए में अपने अभियान की मजबूत शुरुआत कर दी है। अब भारतीय टीम अपने अगले मुकाबले में 22 सितंबर को श्रीलंका का सामना करेगी।

## एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम की धमाकेदार शुरुआत, उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया

काकामिगाहारा (जापान), 20 सितंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियन गेम्स–2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है।काकामिगाहारा में खेले गए पूल बी के अपने पहले मुकाबले में भारत ने उज्बेकिस्तान को 19–0 से करारी शिकस्त दी। भारत की इस बड़ी जीत की सबसे बड़ी स्टार दीपिका रहीं, जिन्होंने अकेले आठ गोल दागकर मुकाबले को एकतरफा बना दिया। इशिका ने हैट्रिक पूरी की। भारत की ओर से कुल आठ अलग–अलग खिलाड़ियों ने गोल किए। इस मुकाबले के दौरान अनुभवी गोलकीपर सविता ने भी एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की और भारत की ओर से सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ियों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

मुकाबले में भारतीय महिला टीम को शुरुआती बढ़त के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। सातवें मिनट में लालरेमसियामी ने फील्ड गोल कर भारत का खाता खोला। इसके तुरंत बाद आठवें मिनट में दीपिका ने गोल करते हुए भारत की बढ़त 2–0 कर दी। इसके बाद 11वें मिनट में इशिका ने भारत के लिए तीसरा गोल दागा। 12वें मिनट में बलजीत कौर ने गोल कर स्कोर 4–0 कर



दिया। यह बलजीत कौर का भारत के लिए 50वां सीनियर अंतरराष्ट्रीय मुकाबला भी था। पहले क्वार्टर की समाप्ति तक भारत ने 4–0 की मजबूत बढ़त बना ली थी।

दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने अपनी आक्रामक रणनीति जारी रखी। 18वें मिनट में नेहा ने गोल कर भारत को 5–0 से आगे कर दिया। इसके बाद भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने इस मौके को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। 23वें मिनट में नवनीत कौर ने भी गोल दाग दिया। इसके दो मिनट बाद यानी 25वें मिनट में दीपिका ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। हाफ टाइम तक भारत ने 8–0 की विशाल बढ़त बना ली थी। उज्बेकिस्तान के पास भारतीय आक्रमण का जवाब देने के लिए कोई मौका नहीं था।

तीसरे क्वार्टर में तो दीपिका ने गोलों की झड़ी लगा दी। उन्होंने 33वें से 41वें मिनट के बीच लगातार चार गोल किए। इन चार गोलों के साथ दीपिका ने मैच में अपने गोलों की संख्या सात तक पहुंचा दी। उनके शानदार प्रदर्शन ने उज्बेकिस्तान की रक्षापंक्ति को पूरी तरह दबाव में ला दिया। इसके बाद 42वें मिनट में इशिका ने अपना दूसरा गोल किया। अगले ही मिनट ललथांतलुआंगी और साक्षी राणा ने भी गोल कर भारत की बढ़त को और बड़ा कर दिया। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले नवनीत कौर ने अपना दूसरा गोल दागा। तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत का स्कोर 16–0 हो चुका था।

भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में भी आक्रामक रवैया बनाए रखा। 51वें मिनट में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे ललथांतलुआंगी ने गोल में बदल दिया। इसके बाद 54वें मिनट में इशिका ने अपना तीसरा गोल दागते हुए हैट्रिक पूरी की। इसी मिनट में दीपिका ने भी अपना आठवां गोल किया और भारत की बढ़त 19–0 कर दी। इसके बाद भारत ने मुकाबले को इसी स्कोर पर समाप्त किया और एशियन गेम्स में अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। उज्बेकिस्तान के खिलाफ 19–0 की शानदार जीत के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम अब अपने अगले पूल बी मुकाबले में इंडोनेशिया का सामना करेगी।

## खंडपीठ ने भी माना दीपक राज की कार्यकारिणी वैध, विरोधी निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में विफल

जयपुर, 20 सितम्बर। जितेन्द्र उपाध्याय, संयुक्त सचिव एवं मीडिया प्रभारी जिला क्रिकेट संघ, सवाई माधोपुर के अनुसार राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने दिनांक 18.09.2026 को एकल पीठ के आदेश दिनांक 10.09.2026 की पुष्टि करते हुए विरोधी पक्ष की स्थगन आवेदन को अस्वीकार कर दिया। माननीय खंडपीठ के समक्ष विरोधी पक्ष डॉ. सुमित गर्ग एवं कमलेश गुर्जर गुट अपने दावे के समर्थन में वर्ष 2026 का कोई भी निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में पूर्णतः विफल रहा। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि उनका कोई वैध चुनाव कभी हुआ ही नहीं। इसी सुनवाई में एक और अत्यंत महत्वपूर्ण तथ्य माननीय खंडपीठ के संज्ञान में आया। दिनांक 03.09.2026 को जिला खेल अधिकारी, सवाई माधोपुर द्वारा सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान को प्रेषित पत्र में विरोधी पक्ष द्वारा पुनः मिथ्या निरूपण एवं धोखाधड़ी की गई। उल्लेखनीय है कि उसी पत्र में अंतिम वैध चुनाव की तिथि 21.07.2024 अंकित है जो कि जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर की वैध निर्वाचित कार्यकारिणी का चुनाव है। विरोधी पक्ष अपने ही प्रस्तुत दस्तावेज में स्वयं को स्थापित करने में असफल रहा।

एकल पीठ (न्यायमूर्ति सुदेश बंसल) ने दिनांक 10.09.2026 के आदेश में स्पष्ट माना था कि दिनांक 21.07.2024 को हुए चुनाव में वैध दस्तावेज एवं वैध प्रक्रिया अपनाई गई थी, विरोधी पक्ष का कार्यकाल दिनांक 10.02.2026 को समाप्त हो चुका है तथा प्रथम दृष्टया मामला दीपक राज की कार्यकारिणी के पक्ष में है। खंडपीठ ने इन्हीं आधारों को बरकरार रखते हुए देने से इनकार किया। इस सुनवाई में यह भी उजागर हुआ कि आरसीए की तदर्थ समिति की बैठक दिनांक 23.04.2026 आधार पर संबद्धता वापस ली गई जिसमें पांच में से केवल चार सदस्य शामिल थे। पांचवें सदस्य अर्जुन बेनीवाल को न तो बैठक की सूचना दी गई, न कोई मेल जारी किया गया। फिर भी मिनट्स में 5 में से 5 सदस्य उपस्थित लिखा। यह सरासर फ्रेबिक्रेशन है। बेनीवाल ने इस संबंध में शपथ पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर का वैध एवं निरंतर चुनाव चक्र 2008–2012, 2012–2016, 2016–2020, 2020–2024 एवं 2024–2028 उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां के सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। दिनांक 16.07.2026 के आरटीआई जवाब में भी स्पष्ट है कि अंतिम वैध चुनाव 21.07.2024 का है।

उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर दिनांक 29.09.2026 को आरसीए के एजीएम एवं चुनाव में भाग लेगा। संघ की अंडर–16 टीम ने दिनांक 12.09.2026 को आरसीए नॉर्म्स के अनुसार ट्रायल पूरा कर लिया है। 29.09.2026 को आरसीए के एजीएम एवं चुनाव में भाग लेगा। संघ की अंडर–16 टीम ने दिनांक 12.09.2026 को आरसीए नॉर्म्स के अनुसार ट्रायल पूरा कर लिया है ।

## जयपुर जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न

जयपुर, 20 सितंबर। मांग्यावास स्थित बेलेटा रिसोर्ट में आज जयपुर जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव गिरिराज खंडेलवाल, अध्यक्ष, जयपुर जिला ओलंपिक संघ, जयपुर, आशीष कुमार, राजस्थान पावरलिफ्टिंग



एसोसिएशन तथा चुनाव अधिकारी रामगोपाल स्वामी की उपस्थिति में आयोजित किए गए। इस अवसर पर सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल तंवर भी मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया में सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में सत्येन्द्र सिंह राठौड़ को अध्यक्ष, अश्वनी खंडेलवाल को सचिव तथा पवन कुमावत को कोषाध्येक्ष निर्वाचित किया गया। इसके अलावा महेश कुमार खण्डेलवाल को चीफ पैट्रन, लालचंद गुप्ता को पैट्रन तथा धर्म सिंह गुर्जर, प्रदीप वर्मा और लोकेश प्रजापत को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नीतू चौहान एवं मुकेश कुमार को संयुक्त सचिव तथा शरद शर्मा, अक्षय कुमार एवं मनोज सिंह चौहान को सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

## टीम आमेर ने नाहरगढ़ को 5-4 के स्कोर से हराकर जीता मैच

जयपुर, 20 सितंबर। सितंबर जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आउट ऑफ हैट कैटेगरी में जयपुर जूनियर ओपन अंडर–21 टूर्नामेंट का मैच खेला गया। यह मुकाबला 61 कैवेलरी ग्राउंड नं. 2 पर टीम नाहरगढ़ और टीम आमेर के बीच खेला गया, जिसमें टीम आमेर विजेता बनकर उभरी। टीम आमेर ने नाहरगढ़ को 5–4 के स्कोर से हराकर मैच



अपने नाम किया। विजेता टीम आमेर से अखिलीज़ नंदल ने 3 गोल और अयान अली ने 2 गोल किए। टीम की ओर से अविष्का पालीवाल और भानु सुधीर प्रताप सिंह भी खेले। दूसरी ओर, टीम नाहरगढ़ से शिवांश सिंह शक्तावत ने 2 गोल, रुशिल नरूला और यशोवर्धन सिंह ने 1–1 गोल किया। वहीं, टीम में अमान सिंह वारिंग भी शामिल रहे।